कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री महेश कुमार उर्फ डब्बू सैनी पुत्र श्री घनश्याम सैनी, मारुति कॉलोनी, बजरंग मैदान के पास, दौसा जिला दौसा (राज0)

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (उप जिला निर्वाचन अधिकारी), सिकराय जिला दौसा

अपील सं0 06/2019

<u>निर्णय</u> दिनांक 25.02.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (उप जिला निर्वाचन अधिकारी), सिकराय से दिनांक 04.12.2018 को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, (उप जिला निर्वाचन अधिकारी), सिकराय को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, (उप जिला निर्वाचन अधिकारी), सिकराय के पत्रांक आरटीआई/19/309 दिनांक 08.02.19 द्वारा अपीलांट को वॉछित सूचना उपलब्ध कराते हुए प्रति इस कार्यालय को पृष्ठांकित की गई है। सुलभ संदर्भ हेतु पत्र के संलग्न इस कार्यालय को सूचना की प्रति भिजवाई गई है। प्राप्त पत्रादि संलग्न पत्रावली है। इससे स्पष्ट होता है कि आवदेक को वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official